भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

15 अप्रैल 2019

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा गुजरात के कोडीनार (गिर सोमनाथ) और दीसा (बनासकांठा) में आयोजित विशाल जन-सभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

सुप्रीम कोर्ट में एक टेक्निकल ऑब्जेक्शन पर सुनवाई हुई और फैसला सुनाया जिसपर राहुल गांधी कहने लगे कि राफेल मामले में SC ने सरकार को फटकार लगाई है जबकि हकीकत में ऐसा कुछ हुआ ही नहीं था। राहुल गाँधी ने तो सुप्रीम कोर्ट को भी नहीं छोड़ा

****

भारतीय जनता पार्टी के एक सांसद ने कोर्ट में अवमानना नोटिस दिया और आज उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस अध्यक्ष को नोटिस जारी करते हुए राहुल गाँधी से स्पष्टीकरण और जवाब तलब किया है

****

झूठ बोलना, उसे जोर-जोर से बोलना और झूठ को बार-बार कहना राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी का स्वभाव बन गया है। राहुल गाँधी के पास तो झूठ बोलने के सिवा और कोई काम ही नहीं है

****

आज़म खान ने जया प्रदा जी पर जो घिनौनी और अमानवीय टिप्पणी की है, वह सिर्फ़ जया जी का ही अपमान नहीं है बल्कि देश की करोड़ों माताओं-बहनों का अपमान है। राहुल गांधी, बहन मायावती और अखिलेश यादव को इस पर जल्द से जल्द अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए

****

मातृशक्ति के अपमान पर समाजवादी पार्टी (सपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और आजम खान को तुरंत माफ़ी मांगनी चाहिए

****

कांग्रेस ने चुनाव से पहले ही अपनी हार स्वीकार कर ली है और जेहन में हार का डर बैठ जाने के कारण कांग्रेस पार्टी अभी से ईवीएम का बहाना बनाने में लग गई है। पहले ये लोग हार के बाद ईवीएम के बहाने बनाते थे लेकिन अब तो पहले चरण के मतदान के बाद से ही कहने लगे हैं कि भाजपा EVM के कारण जीतेगी

****

जब-जब कांग्रेस जीत जाए, तब तो ईवीएम ठीक है, पर जब हार नसीब हो तो ईवीएम खराब हो जाता है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ चुनावों में भी ईवीएम का इस्तेमाल हुआ था। अगर ईवीएम में गड़बड़ी है तो कांग्रेस ने वहां अपनी सरकारों को शपथ क्यों दिलवाई?

****

समग्र राष्ट्र ने ईमानदार चौकीदार श्री नरेन्द्र मोदी को पुनः देश के प्रधानमंत्री पद पर आसीन करने का निर्णय ले लिया है। देश को विकास चाहिए, देश को सुरक्षा चाहिए, समृद्धि चाहिए और यह केवल और केवल मोदी सरकार ही कर सकती है

****

भगवान् सोमनाथ भारत की सांस्कृतिक पहचान हैं। यह राष्ट्र की धरोहर है लेकिन ये लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल थे जिनके प्रयासों के कारण सोमनाथ मंदिर आज भारत में है। इतिहास गवाह है कि पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने तो मंदिर के पुनरुद्धार तक में रुकावट डालने का काम किया था

****

मोदी सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए आतंक को जड़ से ख़त्म करने की शुरुआत की है। पूरे विश्व में पाकिस्तान को अलग-थलग किया गया है और पाकिस्तान पर दवाब बनाया गया है

****

पाकिस्तान में आतंकी कैंप पर वायु सेना की कार्रवाई के बाद तो पूरे देश में जश्न का माहौल था लेकिन दो जगह ऐसे भी थे जहां मातम छाया हुआ था - पहला पाकिस्तान और दूसरा कांग्रेस के दफ्तरों में

****

एयरस्ट्राइक तो पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हुई लेकिन इससे कांग्रेस एंड कंपनी बौखलाई हुई है। आखिर कांग्रेस एंड कंपनी क्यों पाकिस्तान की भाषा बोल रही है?

****

आतंकवादियों से बातचीत करना कांग्रेस पार्टी की पॉलिसी हो सकती है, भारतीय जनता पार्टी की नहीं। भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार की आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति रही है - हम दुश्मन की गोलियों का जवाब गोले से देंगे

****

यह मोदी सरकार है जिसने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिलाने का कम किया। यह मोदी सरकार है जिसने सामान्य वर्ग के गरीब छात्रों को शिक्षा और नौकरी में 10% आरक्षण देने का प्रावधान किया

****

यह मोदी सरकार है जिसने देश के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 6000 रुपये सालाना कृषि सहायता के रूप में देने की शुरुआत की है और हमने वादा किया है कि केंद्र में पुनः मोदी सरकार बनने पर किसानों को 60 वर्ष की उम्र के बाद से मासिक पेंशन दी जायेगी

****

यह मोदी सरकार है जिसने जीएसटी लागू किया और इसे व्यापारियों और उपभोक्ताओं, दोनों के लिए आसान बनाया. इतना ही नहीं, केंद्र में बनने वाली मोदी सरकार छोटे व्यापारियों को भी 60 वर्ष की उम्र के बाद मासिक पेंशन दी जायेगी

****

तीन दिन से कांग्रेस और राहुल गाँधी के साथी उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर में अलग से प्रधानमंत्री अर्थात् एक देश में दो प्रधानमंत्री की मांग कर रहे हैं लेकिन राहुल गाँधी चुप हैं। उनके एक और साथी पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी चुप है

****

राहुल गाँधी देश की जनता के सामने स्पष्ट करें कि वे उमर अब्दुल्ला की मांग का समर्थन करते हैं या नहीं? कांग्रेस पार्टी पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे के साथ है या नहीं?

****

हम सत्ता में रहें या विपक्ष में - जब तक हमारे शरीर में प्राण हैं, एक देश में दो प्रधानमंत्री नहीं हो सकते और जम्मू-कश्मीर को देश से कोई अलग नहीं कर सकता। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता इसके लिए अपने प्राणों की बाजी लगा देंगे

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज गुजरात के कोडीनार (गिर सोमनाथ) और दीसा (बनासकांठा) में आयोजित विशाल जन-सभाओं को संबोधित किया और राफेल पर झूठ बोलने को लेकर सुप्रीम कोर्ट की नोटिस, आजम खान के विवादित बयान और ईवीएम को लेकर कांग्रेस एंड कंपनी के अनर्गल प्रलाप पर जम कर प्रहार किया। उन्होंने दीसा में दीपक होटल से रिसाला चौक तक एक भव्य रोड शो भी किया। उन्होंने कहा कि **समग्र राष्ट्र ने ईमानदार चौकीदार श्री नरेन्द्र मोदी को पुनः देश के प्रधानमंत्री पद पर आसीन करने का निर्णय ले लिया है। देश को विकास चाहिए, देश को सुरक्षा चाहिए, समृद्धि चाहिए और यह केवल और केवल मोदी सरकार ही कर सकती है।**

राफेल पर राहुल गाँधी द्वारा सुप्रीम कोर्ट के हवाले से देश की जनता के सामने पड़ोसे गए झूठ पर बड़ा हमला करते हुए श्री शाह ने कहा कि **झूठ बोलना और उसे जोर से बोलना तथा उसे बार-बार कहना राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी का स्वभाव बन गया है। राहुल गाँधी के पास तो झूठ बोलने के सिवा और कोई काम ही नहीं है।** उन्होंने कहा कि **सुप्रीम कोर्ट में एक टेक्निकल ऑब्जेक्शन पर सुनवाई हुई और फैसला सुनाया जिसपर राहुल गांधी कहने लगे कि राफेल मामले में SC ने सरकार को फटकार लगाई है जबकि हकीकत में ऐसा कुछ हुआ ही नहीं था। भारतीय जनता पार्टी के एक सांसद ने कोर्ट में अवमानना नोटिस दिया और आज उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस अध्यक्ष को नोटिस जारी करते हुए राहुल गाँधी से स्पष्टीकरण और जवाब तलब किया है।**

समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान द्वारा रामपुर से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार और प्रसिद्ध अभिनेत्री जया प्रदा पर अशोभनीय और शर्मनाक टिप्पणी पर विपक्ष को कड़ी फटकार लगाते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **आज़म खान ने जया प्रदा जी पर जो घिनौनी और अमानवीय टिप्पणी की है, वह सिर्फ़ जया जी का ही अपमान नहीं बल्कि देश की करोड़ों माताओं-बहनों का अपमान है। राहुल गांधी, बहन मायावती और अखिलेश यादव को इस पर जल्द से जल्द अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। मातृशक्ति के इस अपमान पर समाजवादी पार्टी (सपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और आजम खान को तुरंत माफ़ी मांगनी चाहिए।**

ईवीएम पर कांग्रेस एवं महामिलावटी विपक्ष के अनर्गल प्रलाप पर निशाना साधते हुए श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस ने चुनाव से पहले ही अपनी हार स्वीकार कर ली है और जेहन में हार का डर बैठ जाने के कारण कांग्रेस पार्टी अभी से ईवीएम का बहाना बनाने में लग गई है। पहले ये लोग हार के बाद ईवीएम के बहाने बनाते थे लेकिन अब तो पहले चरण के मतदान के बाद से ही कहने लगे हैं कि भाजपा EVM के कारण जीतेगी। यह इस बात का इशारा है कि कांग्रेस एंड कंपनी को अपनी हार स्पष्ट दिखाई देने लगी है। कांग्रेस अपनी निश्चित हार को पहचान गई है।** कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि **मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधान सभा चुनावों में भी ईवीएम का इस्तेमाल हुआ था और कांग्रेस इन राज्यों में सरकार बनाने में कामयाब हुई थी। अगर ईवीएम में गड़बड़ी है तो कांग्रेस ने वहां अपनी सरकारों को शपथ क्यों दिलवाई? मतलब, जब-जब कांग्रेस जीत जाए, तब तो ईवीएम ठीक है, पर जब हार नसीब हो तो ईवीएम खराब हो जाता है।**

एयरस्ट्राइक पर बोलते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों के समय आये दिन पाकिस्तान प्रेरित आतंकी हमले होते रहते थे लेकिन कांग्रेस हाथ पर हाथ धरे बैठी रहती थी। आतंकियों पर कोई कार्रवाई नहीं होती थी लेकिन **मोदी सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए आतंक को जड़ से ख़त्म करने की शुरुआत की है। पूरे विश्व में पाकिस्तान को अलग-थलग किया गया है और पाकिस्तान पर दवाब बनाया गया है।** पहले सर्जिकल स्ट्राइक और अब एयरस्ट्राइक करके मोदी सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया कि देश की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। **पाकिस्तान में आतंकी कैंप पर वायु सेना की कार्रवाई के बाद तो पूरे देश में जश्न का माहौल था लेकिन दो जगह ऐसे भी थे जहां मातम छाया हुआ था - पहला पाकिस्तान और दूसरा कांग्रेस के दफ्तरों में।** उन्होंने कहा कि **एयरस्ट्राइक तो पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हुई लेकिन इससे कांग्रेस एंड कंपनी बौखलाई हुई है। आखिर कांग्रेस एंड कंपनी क्यों पाकिस्तान की भाषा बोल रही है?** राहुल गाँधी भी एयरस्ट्राइक के सबूत मांगते हैं, राहुल गांधी के गुरु सैम पित्रोदा कहते हैं कि आतंकवादियों से बातचीत होना चाहिए, आतंकियों पर बम नहीं गिराना चाहिए। **सैम पित्रोदा जी, आतंकवादियों से बातचीत करना कांग्रेस पार्टी की पॉलिसी हो सकती है, भारतीय जनता पार्टी की नहीं। भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार की आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति रही है - हम दुश्मन की गोलियों का जवाब गोले से देंगे।**

भगवान् सोमनाथ को नमन करते हुए श्री शाह ने कहा कि **भगवान् सोमनाथ भारत की सांस्कृतिक पहचान हैं। यह राष्ट्र की धरोहर है लेकिन ये लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल थे जिनके प्रयासों के कारण सोमनाथ मंदिर आज भारत में है। इतिहास गवाह है कि पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने तो मंदिर के पुनरुद्धार तक में रुकावट डालने का काम किया था।**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा-नीत एनडीए सरकार की पांच वर्ष की अनगिनत उपलब्धियों का जिक्र करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **यह मोदी सरकार है जिसने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिलाने का कम किया। यह मोदी सरकार है जिसने सामान्य वर्ग के गरीब छात्रों को शिक्षा और नौकरी में 10% आरक्षण देने का प्रावधान किया। यह मोदी सरकार है जिसने देश के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 6000 रुपये सालाना कृषि सहायता के रूप में देने की शुरुआत की है।** कांग्रेस पार्टी 55 वर्षों से OROP को लटकाए हुए थी लेकिन मोदी सरकार ने एक ही साल में इसे लागू करने का काम किया और अब तक लगभग 35,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि भूतपूर्व सैनिकों के बैंक एकाउंट में पहुंचाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के 50 करोड़ गरीबों के कल्याण के लिए कई योजनाओं की शुरुआत की है। आयुष्मान भारत योजनाओं के तहत देश के लगभग 50 करोड़ लोगों को सालाना पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा मुफ्त दिया जा रहा है। इससे बड़ी स्वास्थ्य बीमा आज तक पूरी दुनिया में नहीं चलाई गई। उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने इस दिशा में एक और कदम उठाते हुए राज्य के हर नागरिक को स्वास्थ्य बीमा का लाभ पहुंचाने का निर्णय किया। ऐसा करने वाला उत्तराखंड भारत का पहला राज्य है। इसके साथ ही मोदी सरकार ने लगभग 7 करोड़ गरीब माताओं तक गैस के कनेक्शन पहुंचाए, लगभग 10 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कराया गया, लगभग 16 करोड़ लोगों को स्वर्जोगार के लिए मुद्रा योजना के तहत ऋण उपलब्ध कराये गए, करोड़ों लोगों को जीवन बीमा और सुरक्षा बीमा नाम मात्र के प्रीमियम पर उपलब्धि कराई गई और 13 करोड़ गरीब माताओं और छोटे बच्चों का टीकाकरण किया गया। मोदी सरकार ने सामान्य वर्ग के गरीब बच्चों के लिए 10% आरक्षण का प्रावधान किया। 40 लाख तक के टर्नओवर तक जीएसटी और पांच लाख रुपये तक की आय को इनकम टैक्स से मुक्त कर दिया गया है।

श्री शाह ने कहा कि **तीन दिन से कांग्रेस और राहुल गाँधी के साथी उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर में अलग से प्रधानमंत्री अर्थात् एक देश में दो प्रधानमंत्री की मांग कर रहे हैं लेकिन राहुल गाँधी चुप हैं। उनके एक और साथी पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी चुप है। राहुल गाँधी देश की जनता के सामने स्पष्ट करें कि वे उमर अब्दुल्ला की मांग का समर्थन करते हैं या नहीं? कांग्रेस पार्टी पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे के साथ है या नहीं?** उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सोच स्पष्ट है। हम तो डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के पदचिह्नों पर चलने वाले लोग हैं जिन्होंने भारतवर्ष की एकता और अखंडता के लिए जम्मू-कश्मीर में अपने जीवन का बलिदान किया था। **हम सत्ता में रहें या विपक्ष में - जब तक हमारे शरीर में प्राण हैं, एक देश में दो प्रधानमंत्री नहीं हो सकते और जम्मू-कश्मीर को देश से कोई अलग नहीं कर सकता। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता इसके लिए अपने प्राणों की बाजी लगा देंगे।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गुजरात की जनता से अपील करते हुए कहा कि अब यह देश की जनता को यह निर्णय लेना है कि उन्हें ईमानदार चौकीदार चाहिए या भ्रष्टाचारी नामदार? उन्होंने गुजरात की जनता से गरीबों के कल्याण के लिए, देश की समृद्धि के लिए और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए भारतीय जनता पार्टी को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील करते हुए श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी को पुनः देश का प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव